# प्रैस विज्ञप्ति

आज दिनांक 16.12.2021 को मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय, राई (सोनीपत) में स्वर्णिम विजय दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर मुख्यातिथि 1988 बैच के ब्रिगेडियर विवेक कोहाड ने कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के शहीदों के मालार्पण से हुई, इसमें नवीं कक्षा के छात्र मौजूद थे। तत्पश्चात् बंसीलाल सभागार में कार्यक्रम विद्यालय गीत से आरम्भ हुआ, जिसमें कमला नेहरू स्कूल के नन्हें बालकों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत, सच्चा वीर बना दे मॉ, नृत्य–नाटिका प्रस्तुत की। विद्यालय की छात्रा साक्षी व दिशा ने भरतनाट्यम्, आयुषी ने हरियाणवी नृत्य किया। इस विजय दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एंव निदेशक महोदय कर्नल अशोक मोर जी ने बताया कि यह भारतीय सेना के इतिहास में ऐतिहासिक जीत थी, जिसमें पाकिस्तानी सेना के 93000 सैनिकों ने आत्मसर्मण किया था और इस युद्व के दौरान चार पराक्रमी योद्वाओं को परबीर चक्र मिला था। पाकिस्तान के जुल्मों के कारण बाग्लादेश की जनता श्राहि–श्राहि कर रही थी। मुख्यतिथि 1988 बैच के ब्रिगेडियर कोहाड ने कार्यक्रम की सराहना की और शहीदों को सलाम करते हुए कहा कि धन्य है वो वीर जो मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदान कर देते हैं। बच्चों को प्रेरित करते हुऐ कहा की उन्हें अपने जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य एवं निदेशक महोदय कर्नल अशोक मोर जी ने मुख्यातिथि व उनकी पत्नी संजीवनी को स्मृति चिह्न प्रदान किया। इस अवसर पर उपप्राचार्या जी, प्रशासनिक अधिकारी, शैक्षिक समन्वय अधिकारी, खेल प्रभारी, स्कूल की प्रथम महिला श्रीमति सोनिया मोर एवं 1988 बैच के ब्रिगेडियर कोहाड की पत्नी श्रीमती संजीवनी कोहाड इत्यादि मौजूद थे ।